

SHRI VIKAS SHIVE GOWDA

Shri Vikas Shive Gowda is a four time Olympian representing India in the discus throw. He has also represented India in three Commonwealth Games, three Asian Games and five World Championships. He has been one of the best discus throwers in the world since 2010.

2. Born on July 05, 1983 in Mysore,Shri Gowda received his bachelors degree from the University of North Carolina at Chapel Hill in Mathematics in 2006. Representing his college,Shri Gowda won the National Collegiate Athletic Association National Championship in 2006 in the discus throw.

3. Shri Gowda has consistently been ranked in top 10 in the world and as high as number 5 in 2015. He has also held the Indian national record in the indoor shot put since 2005 and discus since 2007. He was an Arjuna Award recipient in 2011. His notable achievements include Commonwealth Gold (2014) and Silver (2010) medalist, Asian Games Bronze (2010) and Silver (2014) medalist, Asian Championship Gold (2013,2015) and Silver (2005,2011), and Olympic finalist (2012).

4. Shri Gowda began competing for India internationally in 2002. His list of achievements include Silver medal discus throw at Asian Athletics Championships Incheon, South Korea (2005); Silver medal discus throw at Commonwealth Games New Delhi, India (2010); Silver medal discus throw at Asian Athletics Championships Kobe, Japan (2011); 7th place discus throw at World Championships Daegu, South Korea (2011); 8th place discus throw at Olympic Games London (2012); Gold medal discus throw at Asian Athletics Championships Pune, India (2013); 7th place discus throw at World Championships Moscow, Russia (2013); Gold medal discus throw at Commonwealth Games Glasgow, Scotland (2014); Silver medal discus throw at Asian Games Incheon, South Korea (2014); and Gold medal discus throw at Asian Athletics Championships Wuhan, China (2015).



श्री विकास शिवे गौडा

श्री विकास शिवे गौडा भारत का डिस्कस थ्रो खेल में चार बार ओलंपिक्स में प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। आपने तीन कॉमन वेल्थ खेलों, तीन एशियाई खेलों एवं पाँच विश्व चैम्पियनशिपों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। आप वर्ष 2010 से सर्वश्रेष्ठ डिस्कस थ्रोअरों में से एक रहे हैं।

2. आपका जन्म 5 जुलाई, 1983 को मैसूर में हुआ था। आपने वर्ष 2006 में गणित विषय में चैपल हिल स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ केरोलिना से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। अपने कॉलेज का प्रतिनिधित्व करते हुए आपने वर्ष 2006 में नेशनल कॉलिजिएट एथेलेटिक एशोसिएशन नेशनल चैम्पियनशिप जीता।

3. आप लगातार विश्व के टॉप 10 रैंकों में शामिल रहे हैं जिसमें वर्ष 2015 में तो आपने 5वीं रैंक भी पाई थी। आप वर्ष 2005 से इंडोर शॉटपुट में तथा वर्ष 2007 से डिस्कस में भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक रहे हैं। आपको वर्ष 2011 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। आपकी उल्लेखनीय उपलब्धियों में कॉमन वेल्थ स्वर्ण पदक (2014) तथा रजत पदक (2010), एशियाई खेल कांस्य पदक (2010) एवं रजत (2014), एशियाई चैम्पियनशिप स्वर्ण (2013, 2015), एवं ओलम्पिक फाइनलिस्ट (2012) शामिल हैं।

4. आपने वर्ष 2002 में भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेना शुरू किया। आपकी उपलब्धियों में एशियन ऐथेलेटिक्स चैम्पियनशिप इनच्यॉन, दक्षिण कोरिया (2005); नई दिल्ली में कॉमन वेल्थ गेमों में डिस्कस थ्रो में रजत पदक (2010); एशियन एथलीट चैम्पियनशिप कोबे में राज्य पदक डिस्कस थ्रो (2011), विश्व चैम्पियनशिप दायगु, दक्षिण कोरिया (2011) में 7वां स्थान, ओलपिंक गेम्स लंदन (2012) में डिस्कस थ्रो में 8वां स्थान; एशियाई ऐथेलेटिक चैम्पियनशिप पुणे, भारत (2013) में स्वर्ण पदक; विश्व चैम्पियनशिप मास्को, रूस (2013) में डिस्कस थ्रो में 7वां स्थान; कॉमनवेल्थ गेम्स ग्लासगो, स्कॉटलैंड (2014) में डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक; एशियन गेम्स इनचयान, दक्षिण कोरिया (2014) में डिस्कस थ्रो में रजत पदक तथा एशियन ऐथेलेटिक चैंपियनशिप वुहान, चीन (2015) में डिस्कस थ्रो विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।